प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 22.06.2022 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी उ.नि. देवेन्द्र कुमार ओझा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम तेलीपहाड़ी से 01 नफर वारण्टी अभियुक्त तुलसीदास पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम तेलीपहाड़ी थाना महोबकंठ जिला महोबा सम्बन्धित परिवाद सं0-523/2018 धारा 323/504/506 भादवि सम्बन्धित न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़ महोबा मे वारण्टी था जिसको गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित माननीय न्यायालय कुलपहाड महोबा भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ.नि.देवेन्द्र कुमार
2. कां. अरुण कुमार

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त-**

तुलसीदास पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम तेलीपहाड़ी थाना महोबकंठ जिला महोबा



# थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 21.06.2022 को थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिहं द्वारा गठित की गयी उ0नि0सर्वेन्द्र सचान मय हमराह का.पंकज पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना महोबकंठ क्षेत्रअन्तर्गत धवार तिराहा वहद ग्राम दिदवारा से अभियुक्त विकाश पुत्र कूरा अहिरवार उम्र करीब 28 वर्ष को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया जिसमें अभियुक्त के कब्जे से एक झोले में 20 अदद देशी शराब क्वार्टर दिल से ब्रान्ड नाजायज बरामद किया गया इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 96/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान
2. का.पंकज पाल

## गिरफ्तार अभियुक्त-

विकाश पुत्र कूरा अहिरवार उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम दिदवारा थाना महोबकंठ जिला महोबा

## बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से एक झोले में 20 अदद क्वार्टर दिल से ब्रान्ड नाजायज बरामद होना।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति जागरुकता अभियान-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन/मार्गदर्शन में प्रतिदिन जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में “मिशन शक्ति” अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन, महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महोबा पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों... **1090**-वीमेन पॉवर लाइन, **181**-महिला हेल्प लाइन, **108**-एम्बुलेंस सेवा, **1076** दृमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **112**-पुलिस आपातकालीन सेवा, **1098**-चाइल्ड लाइन्न, **102**-स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदो द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।













प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा ग्राम बरभौली में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन, ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं/बालिकाओं को मिशनशक्ति अभियान की जानकारी प्रदान कर किया गया जागरुक-




पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 22.06.2022 को थाना खन्ना जनपद महोबा के ग्राम बरभौली के पंचायत भवन में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में महिलाओं एवं बालिकाओं को उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित अभियान मिशन शक्ति के सम्बन्ध में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, पंचायत सदस्य आशा बहू आदि मौजूद रहीं।



इस कार्यशाला में मिशन शक्ति अभियान के अतिरिक्त शासन द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर क्राइम से बचने हेतु सुझाव व साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) को विस्तार से बताया गया व मिशन शक्ति में वूमेन पावर नम्बर (1090) व महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), मुख्यमंत्री सहायतार्थ नम्बर (1076), महिला हेल्पलाइन नंबर (181), पुलिस आपातकालीन (112), एंबुलेंस सेवा (108), स्वास्थ्य सेवा (102 ), फायर सर्विस (101) थाने का सीयूजी नंबर(9454403534) और थाने पर बने महिला हेल्प डेस्क व शासन द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया गया व पंपलेट वितरण किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महोबा पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत चलाया जा रहा बैंक/संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन/मार्गदर्शन में प्रतिदिन की भांति महोबा की जनता में पुलिस के प्रति विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य व अपराध की रोंकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाये जा रहा है जिसके क्रम में आज दिनाँक- 22.06.2022 को जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/चौकी प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र पड़ने वाले बैंकों/एटीएम/विभिन्न वित्तीय संस्थानों में चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहा है या नही शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।

चार पहिया/दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हैलमेट घूमने वालों का चालान किया जा रहा है।



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **22.06.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह द्वारा शहर क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **63** ई-चालान किये गये।






महोबा पुलिस